# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग


**स्रोत: द हिंदू**

हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं सुरक्षा विभाग (United Nations Department for Safety and Security- UNDSS)** में कार्यरत एक पूर्व भारतीय सैन्य अधिकारी कर्नल की गाज़ा में हत्या कर दी गई।

- **गाज़ा** में 190 से अधिक संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की मृत्यु के कारण संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने तत्काल मानवीय युद्धविराम का आह्वान किया है।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (UNDSS):

- यह संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा शाखा है। यह संयुक्त राष्ट्र की सभी संस्थाओं को सुरक्षा विशेषज्ञता प्रदान करती है ताकि वे अपने मिशन एवं कार्यक्रमों को सुरक्षित रूप से पूर्ण कर सकें।
- यह सुरक्षा खतरों की पहचान करता है और उनका विश्लेषण करता है तथा फिर उन जोखिमों से निपटने के लिये रणनीतियों को विकसित करता है।
- सुरक्षा सहायता प्रदान करने के लिये इसके पास 131 से अधिक देशों में सुरक्षा सलाहकारों, विश्लेषकों, अधिकारियों और समन्वयकों का एक नेटवर्क है।




**और पढ़ें...** [संयुक्त राषट्र]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/united-nations-department-of-safety-and-security